दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 186 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

सोमवार
25 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## अनमोल वचन

“एक प्राचीन कहावत हैं जो पेड़ तूफानों में झुक जाते है वही बच जाते हैं, परमात्मा के सान्निध्य में रहों तुम्हे इसका अर्थ स्वयं समझ आ जायेगा।”

# यमुना पुनर्जीवन को सुदृढ़ करने के लिए एक हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने यमुना पुनर्जीवन को सुदृढ़ करने के लिए एक हजार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को आज मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत जल प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट और जलापूर्ति को सुदृढ़ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि सरकार की प्राथमिकता राजधानी के प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं देना और दिल्ली को एक स्वच्छ, हरित और जल-सुरक्षित राजधानी बनाना है।



इन परियोजनाओं मे नजफगढ़ क्षेत्र में 12 नए डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की मंजूरी दी गई है। करीब 860 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले इन प्लांटों की कुल क्षमता को लगभग 46 एमजीडी किया जाएगा और इन्हें केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि केशोपुर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पहले चरण का उन्नयन और क्षमता विस्तार किया जाएगा। करीब 122 करोड़ रूपये की लागत वाली इस परियोजना के जरिए उपचारित जल की गुणवत्ता को नवीनतम मानकों के अनुरूप बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना में 11 वर्षों तक संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी शामिल होगी। इससे पुनर्नवीनीकरण पानी के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और जल संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूजल स्तर में सुधार और जल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है।

श्रीमती गुप्ता ने कहा कि अब दिल्ली जल बोर्ड विभिन्न विभागों की ओर से नए वर्षा जल संचयन ढांचों का निर्माण और पुराने ढांचों के पुनर्स्थापन का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र में अमीचंद चौक से पुराना कल्याणपुरी सीवेज पंपिंग स्टेशन तक लगभग 57 करोड़ रूपये की लागत से प्रमुख ट्रंक सीवर लाइन का पुनर्वास किया जाएगा।

इसके अलावा, लगभग 27 करोड़ रूपये की लागत से शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में नया अंडरग्राउंड रिजर्वायर और बूस्टर पंपिंग स्टेशन स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इन पहलों से लाखों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और दिल्ली को साफ, हरा और जल-सुरक्षित राजधानी बनाने के संकल्प को नई शक्ति प्राप्त होगी।

## संक्षिप्त न्यूज

### दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में आज लू चलने का अनुमानः मौसम विभाग

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश और विदर्भ के कुछ क्षेत्रों में आज लू चलने का अनुमान व्यक्त किया है। बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिमी मध्य प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों में ऐसा ही मौसम रहेगा। आंध्र प्रदेश के तटीय भाग, गंगा से सटे पश्चिम बंगाल और ओडिशा में दिन के समय मौसम गर्म और उमस भरा रहेगा। तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और विदर्भ के कुछ स्थानों पर रात में भी मौसम गर्म रहने की संभावना है।

विभाग के अनुसार असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल में हिमालय के निचले क्षेत्रों और सिक्किम के कुछ हिस्सों में तेज बारिश का अनुमान है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, बिहार, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, केरल, माहे, कोंकण, गोवा, लक्षद्वीप और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में आज गरज के साथ आंधी और बिजली गिरने के आसार हैं।

### भारत-रूस ने सैन्य तकनीकी सहयोगपर भूमि मामलों से जुड़े 5वें उप-कार्य समूह की बैठक की



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत-रूस सैन्य तकनीकी सहयोग पर अंतर-सरकारी आयोग के अंतर्गत भूमि मामलों से जुड़े 5वें उप-कार्य समूह की बैठक कल नई दिल्ली में संपन्न हुई। रक्षा मंत्रालय के अतिरिक्त जन-सूचना महानिदेशालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह बैठक भारतीय सेना और रूसी थल सेना के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है।

महानिदेशालय ने बताया कि दोनों पक्षों ने आपसी सीख, ऑपरेशनल तालमेल और द्विपक्षीय सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से सार्थक विचार-विमर्श किया, जिससे भारत-रूस की लंबे समय से चली आ रही रक्षा साझेदारी को और मजबूती मिली है। प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा सहयोग के नए तरीकों की तलाश के लिए 'शत्रुजीत ब्रिगेड' का भी दौरा किया।

### मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने मणिपुर तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित विस्तार परिसर का किया निरीक्षण



मणिपुर(एजेंसी)। मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने आज थौबल जिले के हेइरोक में मणिपुर तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित विस्तार परिसर का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने पेयजल और बिजली आपूर्ति से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की और आश्वासन दिया कि हेइरोक निर्वाचन क्षेत्र में इन दोनों सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जल्द ही कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने थौबल जिले में जवाहरलाल नवोदय विद्यालय, हेइरोक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और स्थानीय महिला बाजार का भी दौरा किया और कर्मचारियों तथा आम जनता के सदस्यों से बातचीत की।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन से की मुलाकात




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज वित्त और कार्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन से मुलाकात की और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) परिणाम और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान तकनीकी और भुगतान से संबंधित चुनौतियों के बारे में बातचीत की।

शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि विचार-विमर्श के दौरान यह तय किया गया कि भारतीय स्टेट बैंक, बड़ौदा बैंक, कैनरा बैंक और इंडियन बैंक सीबीएसई की भुगतान प्रणाली को सुदृढ़ करने में मदद करेंगे। बयान के अनुसार ये बैंक समयबद्ध भुगतान और संबंधित तकनीकी समस्याओं का समाधान करेंगे तथा ऑटोमेटिक पुनर्भुगतान सुनिश्चित करेंगे।

श्री प्रधान ने सीबीएसई को अपनी भुगतान प्रणाली में पूरी तरह बदलाव के निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्रालय का मानना है कि वित्त मंत्रालय और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ समन्वित प्रयास से निर्बाध डिजिटल लेनदेन, बेहतर भुगतान गेटवे और सीबीएसई पुनर्मूल्यांकन और संबंधित सेवाओं का लाभ उठाने वाले विद्यार्थियों के लिए एक सहज अनुभव सुनिश्चित होगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पहली कर्नाटक की यात्रा, कार्यकर्ताओं और विधायकों के साथ की कई बैठकें




कर्नाटक (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज पहली बार कर्नाटक की यात्रा पर गये। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और विधायकों के साथ कई बैठकें की। बाद में कोर कमेटी की बैठक हुई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सी.टी. रवि ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्य में आगामी चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा की। इन चुनावों में बेंगलुरु के पांच नगर निगमों के चुनाव, पंचायत चुनाव और अगले दो वर्षों में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा अभी 22 राज्यों में सत्ता में है और उसके 400 से ज़्यादा सांसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में 2 हजार से ज़्यादा विधायक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं से कर्नाटक में संगठन को मजबूत करने का आग्रह किया गया है।

बाद में, संवाददाताओं को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने तीन साल पहले सत्ता में आने के बाद से लोगों का भरोसा तोड़ा है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर आपसी कलह और राज्य में जनता के मुद्दों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया।

## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में हुई दुर्घटना पर गहरा दुख जताया

नई दिल्ली ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में नदी में डूबने से लोगों की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

राष्ट्रपति ने कहा है कि दुर्घटना में लोगों के मरने की खबर दुखद है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने भी पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

प्रधानमंत्री ने भी पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के निकटतम परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रूपये और घायलों को 50-50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने की बोइंग कंपनी के शीर्षाधिकारी जेफ शॉकी से मुलाकात



नई दिल्ली (एजेंसी) । वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कल नई दिल्ली में बोइंग कंपनी के वैश्विक लोक नीति और व्यावसायिक रणनीति के कार्यकारी उपाध्यक्ष जेफ शॉकी से मुलाकात की।

श्री गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने विमानन और अंतरिक्ष निर्माण क्षेत्र में भारत-अमरीकी सहयोग को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस बैठक में रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल के अवसरों को विकसित करने तथा कौशल, सप्लाई चेन, नवाचार और एक भरोसेमंद वैश्विक विनिर्माण और इंजीनियरिंग केंद्र के रूप में भारत की भूमिका को बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।

## चीन में एक कोयला खदान में हुए धमाके में 82 लोगों की मौत, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख




नई दिल्ली (एजेंसी) । उत्तरी चीन में एक कोयला खदान में हुए धमाके में 82 लोग मारे गए हैं और 2 लापता हैं। शुक्रवार को धमाके के समय लगभग 247 श्रमिक ड्यूटी पर थे। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, अधिकतर कामगार जहरीले गैस कार्बन-मोनोऑक्साइड से प्रभावित हुए हैं। गैस विस्फोट के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। चीन के राष्ट्रपति षी चिनफिंग ने निर्देश दिए हैं कि घायलों के इलाज और खदान में बचे लोगों की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ी जानी चाहिये।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन के शांक्सी प्रांत में खान दुर्घटना में मरने वालों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में,देशवासियों की ओर से चीन के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने लापता लोगों की तत्काल और सुरक्षित वापसी की कामना भी की है।

## रूस का यूक्रेन की राजधानी कीव पर हमला, दो लोगों की मौत

रूस(एजेंसी)। यूक्रेन में कीव पर रूस के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने ड्रोन और मिसाइलों के एक बड़े हमले के दौरान अपनी शक्तिशाली हाइपरसोनिक ओरेश्निक बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया। चार साल से चल रहे इस युद्ध में इस तीसरी बार इस हथियार का इस्तेमाल किया गया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया है कि इस जबरदस्त हवाई हमले से राजधानी की कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई और 70 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। श्री जेलेंस्की ने कहा कि ओरेश्निक मिसाइल ने कीव क्षेत्र के बिला त्सेर्कवा शहर पर हमला किया। यह मिसाइल परमाणु या पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है,

रूस के रक्षा मंत्रालय ने अन्य मिसाइलों के साथ ओरेश्निक मिसाइल के इस्तेमाल की पुष्टि की। मंत्रालय ने दावा किया कि इन हमलों का निशाना यूक्रेन के सैन्य कमान और नियंत्रण केंद्र, हवाई अड्डे और सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठान थे। मंत्रालय ने यह भी कहा कि यह हमला, रूस की धरती पर मौजूद नागरिक ठिकानों पर यूक्रेन द्वारा हाल ही में किए गए हमलों के जवाब में किया गया था।

## इबोला के बढ़ते मामलों के चलते सरकार ने दिया निर्देश, अफ्रीकी देशों की गैर-जरूरी यात्रा से बचे नागरिक




इबोला(एजेंसी)। सरकार ने इबोला संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अफ्रीकी देश कांगो, यूगांडा और दक्षिण सूडान की गैर-जरूरी यात्रा न करने की सलाह दी है। सरकार ने इन देशों में मौजूद भारतीय नागरिकों से भी स्थानीय स्वास्थ्य दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने या ऐहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला को आपात स्थिति घोषित किया है। इबोला, वायरस से फैलने वाला रोग है जिसमें बुखार और रक्तस्राव होता है। फिलहाल इसके इलाज के लिए कोई टीका या इलाज उपलब्ध नहीं है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक लेख साझा किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक लेख साझा किया। इस लेख में बताया गया है कि किस तरह सिक्किम के खांगचेंदजोंगा की पांच धरोहर 2047 तक विकसित सिक्किम का लक्ष्य प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। यह लेख खांगचेंदजोंगा को सिक्किम की भूमि, स्मृति और चेतना के रक्षक के रूप में चित्रित करता है और इसके सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है।



# पद्म पुरस्कार-2027 के नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रितः डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा

हरियाणा(ब्यूरों) डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकनधसिफारिशों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards-gov-in) पर 31 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं।



डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नामांकन करने वाले व्यक्ति अधिकतम 800 शब्द का एक व्याख्यात्मक प्रशस्ति-पत्र जिसमें अनुशंसित व्यक्ति की संबंधित क्षेत्रधविषय में विशिष्ट और अन्य उपलब्धियोंध्सेवाओं का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, प्रस्तुत करें।

उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार, अर्थात् पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। यह पुरस्कार कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक कार्य, नागरिक सेवाओं, व्यापार और उद्योग जैसे सभी क्षेत्रों धविषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवाओं के लिए उत्कृष्ट-कार्य को मान्यता प्रदान करने के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लैंगिक भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टर और वैज्ञानिकों को छोड़ऽर सार्वजनिक उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। इस संबंध में और अधिक विवरण वेबसाइट पदमा अवार्ड.जीओवी.इन पर उपलब्ध है।

# महापुरूषों के विचारों को आत्मसात कर बढ़ें आगे-कल्याण

हरियाणा(ब्यूरों)। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज भगवान महर्षि कश्यप जयंती पर गांव सोहाना, रावर, बसताड़ा, रायपुर जाटान कॉलोनी और गगसीना में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लोगों से महापुरूषों के विचारों को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। सोहाना गांव में कश्यप चौपाल में करीब 20 लाख रूपये की लागत से बनाए जाने वाले हॉल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

श्री कल्याण ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए महर्षि कश्यप के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज महर्षि कश्यप जयंती देशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि महापुरूष किसी एक जाति से संबंध नहीं रखते। वे 36 बिरादरी के होते हैं। हमें उनके विचारों से जुड़कर आगे बढ़ाना होगा। महर्षि कश्यप सप्त ऋषियों में एक थे। उन्होंने अपने काल में मानवता के लिए काम किया। समाज की एकता पर जोर दिया। आज जरूरत उनके विचारों को अपनाने की है।



मोदी के पीएम बनने पर देश में बदलावः उन्होंने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, देश में एक बदलाव आया है। पिछले कुछ सालों में देश की संस्कृति मजबूत हुई है। संस्कृति से जुड़कर जीवन में सही रास्ते पर आगे बढ़ा जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने महापुरूषों की जयंती सरकारी स्तर मनाने का काम शुरू किया। किसी भी महापुरूष की जयंती जब राज्य सरकार मनाती है तो उसमें 36 बिरादरी के लोग भाग लेते हैं और उस महापुरूष के विचार समाज के हर वर्ग तक पहुंचते हैं। इससे समाज में एकता व प्रेम का भाव मजबूत होता है। वसुधैव कुटुंबकम वाक्यांश का जिक्र करते हुए कहा कि महापुरूषों ने पूरी दुनिया को एक परिवार माना है। किसी महापुरूष की जयंति पर केवल पुष्पांजलि अर्पित करके उन्हें याद करना ही काफी नहीं है, आज उनकी जीवन को पढकर(विशेषकर युवाओं को) उनके दिखाए रास्ते पर चलने की जरूरत है।

# भारत बिजली के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर बल्कि दूसरे देशों को भी बिजली देने में सक्षमः मनोहर लाल

हरियाणा (ब्यूरों)। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में बिजली की कोई कमी नहीं है। अब भारत बिजली के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर हो रहा है बल्कि दुसरे देशों को भी बिजली देने में सक्षम है। जबकि पहले विपक्ष की सरकार के समय देश में बिजली का संकट बना रहता था और हरियाणा भी उससे अछूता नही था। विशेष तौर पर गर्मी के दिनों में तो बिजली के कटों से लोग इतने परेशान होते थे कि वे सडकों पर जाम लगाने के लिए मजबूर हो जाते थे। जबकि वर्तमान में आज प्रदेश के लगभग सभी गांवों में म्हारा गांव-जगमग गांव के तहत 24 घंटे बिजली मिल रही है।



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अपने धन्यवादी दौरे के दौरान असंध विधानसभा क्षेत्र के गांवों बालू, मंजूरा, औगंद, कतलाहेडी, जुंडला और पिचौलिया में पहुंचे और लोकसभा के चुनावों में विजयी बनाने के लिए लोगों का धन्यवाद किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने उक्त गांवों में लाइब्रेरी व शमशान घाट का रास्ता पक्का, चारदीवारी, शैड व पीने के पानी की व्यवस्था करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि जिन गांव की गरीब परिवार की लड़कियां पढ़ने के लिए स्कूलों में पैदल जाती है। ऐसी बच्चियों को स्कूल के मुख्याध्यापक व प्रीसिंपल से मिलकर नौवीं से लेकर बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली 500 लड़कियों की सूची तैयार करें ताकि उन्हें निशुल्क साइकिल उपलब्ध करवाई जा सके।

उन्होंने सामाजिक ताने-बाने को लेकर लोगों का आह्वान किया कि वे जाति भेदभाव से ऊपर उठकर एकता, समरसता, आपसी प्रेम प्यार और भाईचारे को मजबूत करें और रूढ़िवादी सोच में बदलाव लाए। उन्होंने कहा कि जाति-भेदभाव के खिलाफ 'कोई नहीं बोलेगा, मनोहर लाल बोलेगा'।

## ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस’ का भविष्य और चुनौतियाँ

आज के दौर में सबसे महत्वपूर्ण और चर्चित वषय ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस’ का भविष्य और चुनौतियाँ’ है। इसी विषय पर आधारित एक लेख नीचे दिया गया है।

आधुनिक युग की क्रांतिः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( और हमारा भविष्य
आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, उसे श्डिजिटल क्रांतिश् का चरम कहा जाए तो गलत नहीं होगा। इस क्रांति के केंद्र में है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्मार्टफोन में मौजूद वॉयस असिस्टेंट से लेकर जटिल मेडिकल डायग्नोसिस तक, ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने हमारे काम करने और सोचने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। लेकिन क्या यह तकनीक हमारे लिए वरदान है या एक अनजाना खतरा?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बढ़ता प्रभाव
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज केवल तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, वित्त, और परिवहन जैसे क्षेत्रों में ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़ रही है। डेटा के विश्लेषण में इंसानी दिमाग की तुलना में मशीनों की गति और सटीकता ने काम को घंटों से घटाकर मिनटों में ला दिया है।

अवसर और चुनौतियाँ
।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसके साथ जहां असीमित अवसर हैं, वहीं गंभीर चुनौतियाँ भी हैं।
नौकरियों पर प्रभाव सबसे बड़ी चिंता यह है कि क्या ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों की जगह ले लेगा? यह सच है कि कुछ पारंपरिक नौकरियां खत्म हो रही हैं, लेकिन ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसे कारण नए प्रकार के कौशल और रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।


नैतिकता और गोपनीयतारू डेटा प्राइवेसी आज का सबसे बड़ा मुद्दा है। ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम कैसे डेटा का उपयोग करते हैं और क्या वे निष्पक्ष हैं, यह बहस का विषय है। एल्गोरिदम में पूर्वाग्रह ( होने से समाज में असमानता बढ़ने का खतरा बना रहता है।

मानवीय संवेदना का अभाव ‘आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो जाए, उसमें मानवीय सहानुभूति, संवेदना और निर्णय लेने की श्नैतिक क्षमताश् का अभाव होता है।

निष्कर्ष संतुलन की आवश्यकता
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भविष्य पूरी तरह से इस पर निर्भर करता है कि हम इसे कैसे नियंत्रित और निर्देशित करते हैं। तकनीक का विरोध करने के बजाय, हमें श्तकनीकी साक्षरताश् बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। सरकारों और संस्थानों को ऐसे नियम बनाने की जरूरत है जो इनोवेशन को बढ़ावा दें, लेकिन साथ ही मानवीय मूल्यों और सुरक्षा को प्राथमिकता दें।

अंत में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खुद में कोई श्लक्ष्यश् नहीं है, बल्कि यह एक श्शक्तिशाली उपकरणश् है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस औजार का उपयोग दुनिया को और बेहतर बनाने के लिए करते हैं या इसे अपने नियंत्रण से बाहर जाने देते हैं।

–कमल पवार




जीत क्लासीफाइड
अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करें।
9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# तरूण चुघ- पंजाब की पहचान दूध, दही, लस्सी और देसी घी, नशा नहीं!



जीत समाचार अमृतसर( ब्यूरो)। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग के मार्गदर्शन में आज केंद्रीय विधानसभा, अमृतसर में पंजाब को नशा मुक्त बनाने हेतु एक व्यापक जनजागरण अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के अंतर्गत लोगों को दूध, दही, लस्सी और देसी घी वितरित कर पंजाब की गौरवशाली संस्कृति, स्वस्थ परंपराओं और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर तरूण चुग ने कहा कि पंजाब की मिट्टी वीरों, किसानों, गुरूओं और मेहनतकश लोगों की पहचान रही है। यह धरती दूध, दही, लस्सी और देसी घी की संस्कृति वाली धरती है, लेकिन दुर्भाग्यवश पिछली सरकारों की गलत नीतियों और राजनीतिक स्वार्थों ने पंजाब को नशे के दलदल में धकेलने का काम किया। आज हजारों परिवार नशे की वजह से टूट रहे हैं, माताओं की गोद सूनी हो रही है और युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है।

तरूण चुग ने कहा कि भाजपा पंजाब की युवा शक्ति को बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पंजाब की आत्मा और आने वाली पीढ़ियों को बचाने का अभियान है। पंजाब की पहचान गुरूओं की शिक्षाओं, खेतों की खुशहाली, खेल संस्कृति और युवाओं की ऊर्जा से है, न कि नशे से।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को नई दिशा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। रोजगार, खेल, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन पंजाब में नशे का फैलता जाल गंभीर चिंता का विषय है। भाजपा इस मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और युवाओं को बचाने का कार्य कर रही है।

चुग ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक, सामाजिक संगठन, धार्मिक संस्थाएं और युवाओं को इस लड़ाई में आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक पंजाब का हर गांव, हर गली और हर घर नशा मुक्त नहीं होगा, तब तक भाजपा का यह जनजागरण अभियान निरंतर चलता रहेगा।

उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खेल, शिक्षा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में आगे आएं तथा नशे को पूरी तरह "ना" कहें। उन्होंने कहा कि पंजाब की असली ताकत उसकी मेहनतकश और ऊर्जावान युवा पीढ़ी है और भाजपा इस शक्ति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने, युवाओं को सकारात्मक दिशा देने तथा पंजाब को नशा मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## सूबेदार के घर पर फायरिंग, इलाके में दहशत का माहौल



जीत समाचार होशियारपुर। होशियारपुर के माहिलपुर के मनोलिया में एक बड़ी वारदात की खबर सामने आई है। यहां अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों ने सूबेदार साधु सिंह के घर पर गोलियां चला दी। इस दौरान राहत ये रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

Samuh Samaj Sangathan (Regd.)
2007 to Update
अभी नहीं तो कभी नहीं
मानवता की रक्षा एवं सुरक्षित रखने का मौका।
सच्चाई से देश सेवा।
समूह समाज संगठन 2007 से जरूरतमंद लोगों की हमेशा से मदद करता आया है। यह तभी संभव होता है जब आप सभी लोग हमारे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होते है। आज की मुसीबत के समय में राशन और डेली जरूरत की सामग्री मस्क, सेनिटाइजर आदि इकट्ठा करना जितना मुश्किल है। उससे मुश्किल इस सामग्री को बटना और लोगो तक पहुंचाना है।
किसी को हमारे संगठन के होते घबराने की जरूरत नहीं है हमारे संगठन के वॉलंटियर्स आपकी सेवा में हाजिर है। सम्पर्क करें।
9803025111,9872081907,7696420000,9872177784,8427566893

# गुरिंदरवीर सिंह ने 100 मीटर रेस में इतिहास रचा, गोल्ड मेडल जीतकर भारत के सबसे तेज रनर बने



जीत समाचार चंडीगढ़। रांची में दो दिनों में भारतीय रनिंग की दुनिया में एक ऐतिहासिक मुकाबला देखने को मिला, जब गुरिंदरवीर सिंह ने फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान पुरूषों की 100 मी. रेस में दो बार नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा। शुक्रवार को कुछ समय के लिए रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद, गुरिंदरवीर सिंह ने शनिवार को 10.09 सेकंड का शानदार समय निकाला, और 10.10 सेकंड का मार्क तोड़ने वाले पहले भारतीय बन गए।

23 मई को पुरूषों की 100 मी. रेस के फाइनल में यह ऐतिहासिक समय रिकॉर्ड करते हुए, पंजाबी स्प्रिंटर ने अनिमेष कुजूर से नेशनल रिकॉर्ड वापस ले लिया और इस प्रोसेस में, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स दोनों के लिए क्वालिफाई कर लिया।

यह नाटकीय घटनाक्रम गुरिंदरवीर और कुजूर के सेमी-फाइनल हीट के दौरान नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने के ठीक 24 घंटे बाद हुआ। शनिवार को, कुरूर 10.20 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि प्रणव प्रमोद 10.29 सेकंड के समय के साथ पोडियम पर तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले सेमीफाइनल हीट में, गुरिंदरवीर ने 10.17 सेकंड का समय निकालकर अनिमेष कुजूर का 10.18 सेकंड का पिछला नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया। कुछ मिनटों के लिए, गुरिंदरवीर 100 मीटर रेस में भारत के सबसे तेज रनर के तौर पर रिकॉर्ड पर रहे। हालांकि, जश्न ज़्यादा देर तक नहीं चला।

पंजाबी लड़के ने ओडिशा के रनर को हराया (गुरिंदरवीर सिंह बनाम अनिमेष कुजूर)

अगले सेमीफाइनल हीट में, ओडिशा के रनर अनिमेष कुजूर ने शानदार 10.15 सेकंड का समय निकालकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया, और कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए तय 10.16 सेकंड के क्वालिफाइंग स्टैंडर्ड को ऑफिशियली तोड़ दिया। अनिमेष ने शुक्रवार को ही कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया था, जबकि गुरिंदरवीर 10.17 सेकंड के समय के साथ सिर्फ 0.01 सेकंड से चूक गए।

लेकिन, पंजाबी रनर ने शनिवार के फाइनल में शानदार वापसी की और 10.09 सेकंड के टाइम के साथ सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। ऐसा करके, गुरिंदरवीर ने न सिर्फ नेशनल रिकॉर्ड बनाया, बल्कि ऑफिशियली पुरूषों की 100उ रेस 10.10 सेकंड से कम समय में पूरी करने वाले पहले भारतीय एथलीट भी बन गए।

## एचआरटीसीचालक से मारपीट करने वाले चारो आरोपी गिरफ्तार




जीत समाचार शिमला (ब्यूरो)। चारों आरोपियों जिन्होंने ेतजब चालक से मारपीट की , जिनमें से दो आरोपी ठियोग की तरफ फरार हो गये थे को भी ठियोग पुलिस की टीम द्वारा डिटेन करके थाना बालूगंज को सौंपा जिनको पुलिस थाना बालूगंज की टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।मामले में आगामी जांच जारी है।

आरोपियों का विवरण1. पंकज कुमार पुत्र शिव कुमार निवास गांव अभयपुर पंचकुला, हरियाणा 2. विकास कुमार पुत्र विलक्षण राम निवासी गांव अभयपुर पंचकुला, हरियाणा3. प्रतिभा पत्नि विक्की कुमार गांव अभयपुर पंचकुला, हरियाणा4. विक्की कुमार पुत्र शिव कुमार निवास गांव अभयपुर पंचकुला, हरियाणा

## मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार पर रहेगी रोक

जीत समाचार ऊना। पंचायती राज संस्थाओं के सामान्य चुनाव-2026 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने मतदान समाप्ति से पूर्व 48 घंटे की अवधि के दौरान चुनाव प्रचार गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला ऊना में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव 26, 28 और 30 मई 2026 को आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान तथा सदस्यों के मतों की गणना मतदान वाले दिन ही पंचायत मुख्यालयों पर की जाएगी, जबकि जिला परिषद और पंचायत समिति के मतों की गणना 31 मई को संबंधित विकास खंड मुख्यालयों में होगी। बता दें, निर्धारित तारीखों पर सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा।

जारी आदेशों के अनुसार मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभा, जुलूस, चुनावी बैठक, भाषण अथवा प्रचार कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। इसके अलावा चुनाव प्रचार के उद्देश्य से सिनेमा, टेलीविजन अथवा अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने तथा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत समारोह, नाट्य प्रस्तुति अथवा अन्य मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

उपायुक्त ने कहा कि आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नियमों के तहत दोषी पाए जाने पर दो वर्ष तक का कारावास, जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।




## पालमपुर के डॉ. विकास राणा का कांगड़ा के 'मुर्रा' स्मारकों पर पंजाब विश्वविद्यालय का बड़ा अंतरराष्ट्रीय शोध

जीत समाचार पालमपुर(शानू धीमान)। हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक-संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी पहचान मिली है। पंजाब विश्वविद्यालय (चंडीगढ़) के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व





विभाग के पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो डॉ. विकास राणा के एक महत्वपूर्ण शोध को प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय जर्नल एसएन सोशल साइंसेज (स्प्रिंगर नेचर)में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। डॉ. रजनी देवी (जीएनए यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा) के सह-लेखन में तैयार इस शोध पत्र का शीर्षक 'न्यू परस्पेक्टिव ऑन प्लेस एंड सोशल मेमोरीरू एन इंटरडिसिप्लिनरी स्टडी बेस्ड ऑन मेमोरियल स्टोन कल्चरल हेरिटेज' है। यह शोध मुख्य रूप से हिमाचल के कांगड़ा जिले में पाई जाने वाली लोक स्मारक शिलाओं, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'मुर्रा' या 'मरही' कहा जाता है, पर केंद्रित है।

### डॉ. विकास राणा मलाहु, पालमपुर के निवासी हैं।

उनका कहना है कि विश्व स्तर पर मेमोरियल स्टोन्स (स्मारक शिलाओं) पर जितने भी अध्ययन हुए हैं, उनमें ज्यादातर राजाओं, युद्ध के नायकों और वीरों की गाथाओं को ही केंद्र में रखा गया है। इसके विपरीत उनका यह शोध आम समुदाय के स्त्री-पुरुषों, बुजुर्गों और साधारण व्यक्तियों की याद में बने 'मुर्रा' स्मारकों को सामाजिक और दार्शनिक दृष्टिकोण से दुनिया के सामने लाता है। शोध के निष्कर्षों के अनुसार, ये मुर्रा महज पत्थर के अवशेष नहीं हैं, बल्कि समाज की आध्यात्मिक और सामाजिक स्मृति के जीवंत प्रतीक हैं, जो अतीत और वर्तमान के बीच एक सेतु का काम करते हैं।

### 45 गांवों में व्यापक फील्डवर्क और 180 इंटरव्यू

इस गहन अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने कांगड़ा जिले की पांच प्रमुख तहसीलोंकृपालमपुर, नागरोटा सूरियां, ज्वालामुखी/जैसिंहपुर, धर्मशाला और बैजनाथ के 45 गांवों का व्यापक सर्वेक्षण किया। सामाजिक, जातीय और पर्यावरणीय विविधता को पूरी तरह समेटने के लिए श्परपसिव सैंपलिंगश् के जरिए इन गांवों को चुना गया था। इस दौरान टीम ने 25 से 90 वर्ष की आयु के ग्रामीणों, स्थानीय पुजारियों और शिल्पकारों के साथ 180 अर्ध-संरचित साक्षात्कार किए। साथ ही इन मुर्रा स्थलों की फोटोग्राफी, साइट प्लानिंग और लोककथाओं का भी बारीकी से अध्ययन किया गया।

### यूरोकेंद्रित सिद्धांतों को चुनौती, 'प्लेस मेमोरी' का भारतीय मॉडल

डॉ. राणा ने कहा कि इस शोध की सबसे बड़ी विशेषता इसका अंतर्विषयक दृष्टिकोण है। इसमें नृविज्ञान, इतिहास, चिह्न-विज्ञान (सेमियोटिक्स) और पोस्टकोलोनियल स्टडीज के सिद्धांतों को मिलाकर स्थान और सामाजिक स्मृति का एक नया 'भारतीय मॉडल' प्रस्तावित किया गया है।

शोध में दर्शाया गया है कि धौलाधार की पहाड़ियों, देवदार के जंगलों और ब्यास नदी के आगोश में बसे कांगड़ा के ये गांव एक 'पवित्र भूगोल' की रचना करते हैं। यहां मुर्रा स्थल, पीपल के वृक्ष और जलस्रोत मिलकर एक ऐसा 'प्लेस सिस्टम' बनाते हैं, जिससे ग्रामीण आज भी अपने पुरखों और पर्यावरण से जुड़े हुए हैं। यह मॉडल पश्चिमी देशों की यूरोकेंद्रित 'प्लेस थ्योरी' को हिमालयी संदर्भ में नए सिरे से परिभाषित करता है।

### औपनिवेशिक और आधुनिक चुनौतियों के बीच बची रही परंपरा

उनका कहना है कि अध्ययन में यह भी सामने आया है कि औपनिवेशिक शासन, सरकारी नीतियों और जातिगत शक्ति-संरचनाओं के कारण इन लोक-स्मारकों को हमेशा हाशिए पर धकेलने का प्रयास हुआ। यही नहीं, वर्तमान दौर में बढ़ते शहरीकरण, एकल परिवारों के चलन और रोजगार के लिए पलायन जैसी चुनौतियों के बावजूद निम्न जाति और उपेक्षित समूहों ने इस मुर्रा परंपरा को अपनाए रखा। इसी जीवटता के कारण यह समावेशी परंपरा आज भी टिकी हुई है, जहां सामुदायिक पहचान किसी व्यक्तिगत श्वीरताश से कहीं अधिक मायने रखती है।

### गुरुओं को समर्पित की सफलता

अपनी इस वैश्विक अकादमिक उपलब्धि पर डॉ. विकास राणा ने पंजाब विश्वविद्यालय के शोधपरक माहौल के प्रति आभार जताया है। उन्होंने विशेष रूप से अपने मार्गदर्शक प्रो. ईश्वर दयाल गौर और प्रो. पारू बल सिद्धू के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों वरिष्ठ विद्वानों के वैचारिक और नैतिक मार्गदर्शन के बिना इस शोध को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना संभव नहीं था। डॉ. राणा के मुताबिक, यह कार्य केवल एक अकादमिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि हिमाचल की उस लोक-स्मृति को सम्मान देने का एक विनम्र प्रयास है, जो अक्सर बड़े राजनीतिक और धार्मिक इतिहास की छाया में छिप जाती है।

## पालमपुर की नन्ही प्रतिभा आशवी धीमान ने 195 अवॉर्ड पूरे किए

जीत समाचार पालमपुर(शानू धीमान)।हिमाचल प्रदेश की नन्ही कलाकार पद्म श्री आशवी धीमान को हाल ही में प्रतिष्ठित ''चाणक्य नेशनल लीडरशिप अवॉर्ड 2026'' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कम उम्र में कला, संस्कृति और मॉडलिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

सिर्फ 8 वर्ष की आयु में आशवी धीमान ने अपनी प्रतिभा के दम पर देशभर में अलग पहचान बनाई है। टीवी कलाकार, मॉडल और हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देने




वाली आशवी ने अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुल 195 अवॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं।

आशवी की उपलब्धियों और हिमाचली संस्कृति के प्रति समर्पण की सराहना की गई।

आशवी धीमान की इस बड़ी उपलब्धि से पूरे हिमाचल प्रदेश, विशेषकर पालमपुर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इतनी छोटी उम्र में लगातार सफलता हासिल कर आशवी अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं।

# चुराग ब्लॉक में पोलिंग टीमें मतदान केंद्रों के लिए रवाना



जीत समाचार करसोग(ब्यूरों)।चुराग विकासखंड में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। विकासखंड की सभी 31 पंचायत में से पहले चरण में 11 पंचायत के 59 बूथों में मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए रविवार को पोलिंग टीमें रवाना हो गई।मतदान कर्मियों व चुनाव अधिकारियों को सुरक्षित व समय पर पहुंचने के लिए एच आर टी सी की 10 बसों की व्यवस्था की गई थी। प्रशासन की ओर से सभी पोलिंग पार्टियों को मतदान संबंधी पूरी सामग्री के साथ रवाना किया गया।इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी करसोग गौरव महाजन, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी यशवंत भारद्वाज, डी एस पी करसोग चाँद किशोर, नायब तहसीलदार बगशाड़ मेहर सिंह व पंचायत निरीक्षक अमरनाथ मौजूद थे।

सहायक निर्वाचन अधिकारी मतगणना एवं खंड विकास अधिकारी चुराग यशवंत भारद्वाज ने बताया कि आगामी 26 मई को खंड की 11 पंचायत में सुबह 7रू00 से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी। चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को पोलिंग बूथ पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, विभिन्न गतिविधियों के समन्वय,और शिकायतों के तुरंत निस्तारण के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है।

# पंचायत चुनावों 2026 रक्कड़ पुलिस ने पकड़ी 180 बोतल अवैध शराब

जीत समाचार देहरा(ब्यूरों)।पंचायत चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रक्कड़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऑल्टो कार से 180 बोतल अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने वाहन चालक रजनीश कुमार निवासी वलियाणा, तहसील परागपुर को गिरफ्तार किया। बरामद शराब में 144 बोतल अंग्रेजी व 36 बोतल देसी शराब शामिल है। पुलिस थाना रक्कड़ में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।



# मोटरसाइकिल सवारों द्वारा सोने की चेन झपट कर फरार हुए दो आरोपियों को पुलिस ने चार दिनों के बाद गिरफ्तार कर लिया



जीत समाचार धर्मशाला। पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत मंदिर बाजार क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात मोटरसाइकिल सवारों द्वारा सोने की चेन झपट कर फरार हुए दो आरोपियों को पुलिस ने चार दिनों के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में राहुल उम्र 24 साल, हरियाणा के महेंद्रगढ़ और सनी कुमार उम्र 28 साल राजस्थान के जयपुर से है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कांगड़ा पुलिस थाना लाया है जहां इनके विरुद्ध आगामी कार्रवाई जारी है।

गौरतलब है कि बीते 20 मई को सुबह के समय मोटरसाइकिल सवार इन दोनों आरोपियों ने मंदिर बाजार सड़क किनारे पैदल चल रही एक बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन झपट कर फरार हो गए थे। उक्त मामले के संबंध में पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया था।

कांगड़ा पुलिस टीम ने तकनीकी जांच एवं गहन पूछताछ के आधार पर पता लगाया कि दोनों आरोपी बाहरी राज्यों से संबंध रखते हैं तथा कबाड़ का कार्य करते हैं। जांच के दौरान यह भी जानकारी मिली कि दोनों आरोपी वर्तमान में हरियाणा के महेंद्रगढ़ क्षेत्र में हैं। आरोपियों के संबंध में पुख्ता सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम ने त्वरित करवाई करते हुए ल आरोपियों को हिरासत में लिया।

पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने छीनी गई सोने की चेन को हरियाणा जाते समय किरतपुर (पंजाब) स्थित एक आभूषण विक्रेता को बेच दिया था। इसके उपरांत पुलिस टीम ने किरतपुर स्थित एक सुनार की दुकान से छीनी गई सोने की चेन को बरामद किया।

साथ ही दुकान मालिक महेश वर्मा को भी मामले में संलिप्त पाए जाने पर मामले में शामिल किया गया है। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।


# भोरंज से 92 पोलिंग टीमें रवाना



जीत समाचार भोरंज(दिनेश कुमार शर्मा)।
पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के पहले चरण में भोरंज विकास खंड की 15 पंचायतों के कुल 92 पोलिंग स्टेशनों पर 26 मई को होने वाली वोटिंग के लिए सभी 92 पोलिंग पार्टियों को रविवार को रवाना कर दिया गया।

भोरंज के एसडीएम और चुनाव अधिकारी (पंचायत) शशिपाल शर्मा ने बताया कि इन पोलिंग पार्टियों में एक पीठासीन अधिकारी और 3-3 पोलिंग अधिकारियों समेत कुल 368 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। इनके अलावा पुलिस और होमगार्ड के 184 जवान भी तैनात किए गए हैं।




|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||
ॐ
श्री हिंन्दू तख्त
सनातन धर्म सेवा संगठन
"धर्म की जड़ें
जितनी गहरी होती हैं,
उतना ही अडिग होता है
हमारा अस्तित्व।"
ॐ
श्री हिन्दू तख्त
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी धनंजय गिरी जी महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिन्दू तख्त एवं पीठाधीश्वर
सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा
आप भी हमारे संस्थान से जुड़े
संपर्क 9878910253 / 7889524055
धर्म की रक्षा
हमारा संकल्प
संस्कृति का उत्थान
हमारा उद्देश्य
समाज सेवा
हमारी पहचान
एकता, आस्था,
सेवा, संस्कार
हमारी पहचान